जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

''बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्व''

दिनांक 28.11.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में **''बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्व''** विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. विजय देवड़ा, सह आचार्य रसायनशस्त्र ने दृश्य श्रव्यामाध्यक द्वारा विभिन्न उदाहरण देकर बौद्धिक संपदा अधिकार हेतु आवश्यक जानकारी व कॉपी राइट, ट्रेड मार्क, पेटेंट व भौगोलिक संकेतक के बारे में रोचक जानकारी साझा की। इसके साथ ही छात्राओं को प्रश्नोत्तरी में सहभागिता हेतु प्रेरित किया तथा विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में प्रस्तुतीकरण द्वारा दैनिक जीवन में उपयोगिता को समझायां और छात्राओं की जिज्ञासाओं को रोचक उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को महाविद्यालय में महत्वपूर्ण गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने एवं लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अन्त में, डॉ. शुचिता जैन, सह आचार्य वनस्पतिशास्त्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.13 15:40:43 +05'30'